# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

## विद्या परिषद की ऑनलाइन बैठक

## दिनांक 25.05.2026 का कार्यवृत्त

**संख्या : 02/2026**

**समय : अपरान्ह् 03:00 बजे**

**उपस्थिति :**

| | |
|---|---|
| 01. प्रो विमला वाई, कुलपति | अध्यक्ष |
| 02. प्रो0 ममता सिंघल (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 03. प्रो0 प्रेम कुमार श्रीवास्तव | सदस्य |
| 04. प्रो0 पूनम शर्मा (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 05. प्रो0 मनीषा सैनी (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 06. प्रो0 अजय पाल सिंह (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 07. प्रो0 संजय कुमार (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 08. प्रो0 विजया लक्ष्मी (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 09. प्रो0 संदीप गुप्ता | सदस्य |
| 10. प्रो0 कल्पना (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 11. प्रो0 गरिमा जैन (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 12. डॉ0 राम किशन (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 13. प्रो0 संध्या जैन (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 14. प्रो0 वकुल बंसल | सदस्य |
| 15. प्रो0 एन0सी0 गौतम (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 16. डॉ0 राजीव कुमार, कुलसचिव (प्रभारी) | सचिव |

**विशेष आमंत्रित**

| | |
|---|---|
| 01. डॉ0 यजुविन्द्र कुमार | शोध समन्वयक |
| 02. डॉ0 पूजा कौशिक | सह–शोध समन्वयक |
| 03. डॉ0 रामकुमार (ऑनलाइन) | एन0एस0एस0 समन्वयक |
| 04. डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार (ऑनलाइन) | |

01. विश्वविद्यालय विद्या परिषद की बैठक दिनांकः 07.01.2026 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना।

**संकल्प : विद्या परिषद द्वारा उक्त कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।**

02. विश्वविद्यालय विद्या परिषद की बैठक दिनांकः 07.01.2026 के कार्यवृत्त पर कार्यालय द्वारा की गई कार्यवाही से परिषद को अवगत कराना।

**संकल्प :** **कुलसचिव द्वारा उक्त कार्यवृत्त पर बिन्दुवार कृत कार्यवाही से परिषद को अवगत कराया गया। परिषद अवगत हुई तथा परिषद ने अनुमोदन किया।**

03. प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क के प्रथम प्रश्न पत्र सत्र 2025–26 में संकायाध्यक्षों की आख्या "Common Syllabus for All Subjects Paper-I, Research Methodology and Publication Ethics" पाठ्यक्रमों के कार्योत्तर अनुमोदन पर विचारार्थ।

**नोट –** **कुलसचिव द्वारा मा0 विद्या परिषद के समक्ष प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क के प्रथम प्रश्न पत्र पाठ्यक्रम पर सत्र 2025–26 में संकायाध्यक्षों की आख्या "Common Syllabus for All Subjects Paper-I, Research Methodology and Publication Ethics" से परिषद को अवगत कराया गया।**

**संकल्प :** **मा0 विद्या परिषद द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क के प्रथम प्रश्न पत्र पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 में संकायाध्यक्षों की आख्या "Common Syllabus for All Subjects Paper-I, Research Methodology and Publication Ethics" को यथावत् अंगीकार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

04. माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय शोध पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 में प्री–पीएच0डी0 कोर्स प्रारम्भ किये जाने हेतु शोध पाठ्यक्रम के 22 विषयों में द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ प्रश्न पत्र विषय पाठ्य समितियों द्वारा तैयार प्री–पीएच0डी0 पाठ्यक्रमों के कार्योत्तर अनुमोदन पर विचार। (सूची संलग्न)

**नोट –** **कुलसचिव द्वारा शोध पाठ्यक्रम के 22 विषयों में द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ प्रश्न पत्र विषय पाठ्य समितियों द्वारा तैयार प्री–पीएच0डी0 पाठ्यक्रमों की सूची से मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया। जिसका विवरण निम्नवत् है :–**

| क्र0सं0 | विषय |
|---|---|
| 01 | चित्रकला |

| | |
|---|---|
| 02 | गृह विज्ञान |
| 03 | हिन्दी |
| 04 | संस्कृत |
| 05 | भूगोल |
| 06 | अंग्रेजी |
| 07 | समाजशास्त्र |
| 08 | मनोविज्ञान |
| 09 | अर्थशास्त्र |
| 10 | इतिहास |
| 11 | शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद |
| 12 | राजनीति शास्त्र |
| 13 | गणित |
| 14 | भौतिक विज्ञान |
| 15 | रसायन विज्ञान |
| 16 | वनस्पति विज्ञान |
| 17 | जन्तु विज्ञान |
| 18 | सांख्यिकी |
| 19 | वाणिज्य |
| 20 | विधि |
| 21 | शिक्षा (अध्यापक शिक्षा) |
| 22 | शिक्षाशास्त्र |

**संकल्प : मा0 विद्या परिषद द्वारा विषय पाठ्य समितियों द्वारा तैयार शोध पाठ्यक्रम के 22 विषयों में द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ प्रश्न पत्र प्री–पीएच0डी0 पाठ्यक्रमों को यथावत् अनुमोदित किया गया।**

05. माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के शोध पाठ्यक्रम से सम्बन्धित दिनांक 05.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे विश्वविद्यालय सभागार में मा0

कुलपति जी की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गयी जिसमें शोध पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 के प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क के सिलेबस एवं शोध से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर, शोध पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 के प्री–पीएच0डी0 कोर्स प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में दिनांक 26.03.2026 को मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय, कार्यालय ज्ञाप संख्या–21/शोध/एम0एस0यू0/2026–27 दिनांक 21.05.2026 द्वारा शोध पाठ्यक्रम में सत्र 2025–26 में प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क की कक्षाऐं अभ्यार्थियों के लिए ऑनलाइन मोड में संचालित किये गये जाने हेतु संस्तुत प्रस्तावों पर कार्योत्तर अनुमोदन पर विचार।

**नोट – कुलसचिव द्वारा मा0 विद्या परिषद के समक्ष शोध पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 के प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क के पाठ्यक्रम एवं शोध से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं को विस्तारपूर्वक पढ़कर सुनाया। जिसमें संकल्पों का विवरण निम्नवत् है :–**

a. **शोध पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 के प्री–पीएच0डी0 कोर्स वर्क हेतु सभी विषयों के सिलेबस में 4–4 क्रेडिट के कुल चार प्रश्न पत्र निर्धारित किए गये है, जिसमें प्रथम तीन प्रश्न पत्र सैद्धान्तिक होंगे व चतुर्थ प्रश्न पत्र रिसर्च प्रोजेक्ट/रिसर्च रिपोर्ट के रूप में होगा। प्रथम तीन प्रश्न पत्रों में 25 अंक की आंतरिक परीक्षा व 75 अंक की विश्वविद्यालय द्वारा बाह्य परीक्षा आयोजित की जाएगी। चतुर्थ (Qualifying) प्रश्न पत्र का मूल्यांकन मौखिक परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। मौखिक परीक्षा का सम्पादन आंतरिक एवं बाह्य परीक्षक द्वारा किया जाएगा तथा दिनांक 26.03.2026 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में प्री–पीएच0डी0 कोर्स प्रारम्भ करने एवं प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क में सम्मिलित सभी 22 विषयों के प्रथम पेपर Research Methodology and Publication Ethics" को संयुक्त रूप से एवं एक समान सिलेबस को अंगीकार किये जाने की अनुमति प्रदान की गई।**

b. **कोर्स वर्क में उत्तीर्ण होने हेतु प्रत्येक प्रश्न पत्र में आतंरिक एवं बाह्य परीक्षा के अंकों को जोड़कर 55 प्रतिशन अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।**

c. **प्री–पीएच0डी0 कोर्स वर्क का प्रथम प्रश्न पत्र "Research Methodology & Publication Ethics" सभी संकायों एवं विषयों में**

**समान रूप से लागू किया जाएगा। इसकी कक्षाऐं एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जाएगी।**

d. **दिनांक 26.03.2026 को मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय, कार्यालय ज्ञाप संख्या–21/शोध/एम0एस0यू0/2026–27 दिनांक 21.05.2026 द्वारा शोध पाठ्यक्रम में सत्र 2025–26 में प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क की कक्षाऐं अभ्यार्थियों के लिए ऑनलाइन मोड में संचालित किये गये जाने हेतु संस्तुत प्रस्तावों को यथावत् अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**परीक्षा भी विश्वविद्यालय स्तर पर समान रूप से आयोजित की जाएगी।**

**संकल्प :** **मा0 विद्या परिषद द्वारा शोध पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 के प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क के सिलेबस एवं शोध से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिसके उपरान्त शोध पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 के प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क के सिलेबस एवं शोध से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं को यथावत् अनुमोदन प्रदान किया गया।**

06. संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ के पत्र संख्या– भा0सा0 67/सत्तर–1–2025 दिनांक 31.12.2025 के क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार चतुर्थ सेमेस्टर में Co-Curricular विषय के ''सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता''/भारतीय (स्थानीय) हिन्दी व संस्कृत भाषा में विषय पाठ्य समिति द्वारा तैयार किये पाठ्यक्रम को विद्याथियों द्वारा अध्ययन किये जाने के सम्बन्ध में पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से संचालित किये जाने पर कार्योत्तर अनुमोदन पर विचारार्थ।

**नोट –** **कुलसचिव द्वारा मा0 विद्या परिषद के समक्ष संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ के पत्र संख्या– भा0सा0 67/सत्तर–1 –2025 दिनांक 31.12.2025 को पढ़कर सुनाया गया। जिसके अनुपालन में विषय पाठ्य समिति द्वारा तैयार किये गये पाठ्यक्रम से मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया।**

**संकल्प :** **मा0 विद्या परिषद द्वारा संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ के पत्र संख्या– भा0सा0 67/सत्तर–1 –2025 दिनांक 31.12.2025 के अनुपालन में विषय पाठ्य समिति द्वारा तैयार किये गये पाठ्यक्रम पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।**

**जिसके उपरान्त मा0 विद्या परिषद द्वारा उक्त पाठ्यक्रम को अनुमोदन प्रदान किया गया**

07. वाणिज्य विषय पाठय समिति की बैठक दिनांक 27.04.2026 को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन में अपरान्ह् 12:30 बजे आहूत की गयी। जिसमें बी0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के प्रश्न पत्र ''भारतीय ज्ञान प्रणाली'' (IKS) के अन्तर्गत चयनित ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के अनुमोदन पर विचार।

**संकल्प :** **वाणिज्य विषय पाठ्य समिति की बैठक दिनांक 27.04.2026 को आहूत बैठक में बी0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के प्रश्न पत्र ''भारतीय ज्ञान प्रणाली'' (IKS) के अन्तर्गत चयनित ऐच्छिक पाठ्यक्रमों पर चर्चा के उपरान्त यथावत् अनुमोदन प्रदान किया गया।**

08. विषय पाठ्य समितियों द्वारा तैयार किये गये महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में B.Sc Computer Science, B.Voc. (Information Technology), B.Sc Computer Science (Apprenticeship/Internship Embedded Under FYUP-NEP 2020) के अनुमोदन पर विचार।

**संकल्प :** **विषय पाठ्य समितियों द्वारा तैयार किये गये महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में B.Sc Computer Science, B.Voc. (Information Technology), B.Sc Computer Science (Apprenticeship/Internship Embedded Under FYUP-NEP 2020) पर मा0 विद्या परिषद द्वारा चर्चा के उपरान्त यथावत् अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**अन्य कोई मद अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

01. प्रो0 पूनम शर्मा, संकायाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र के पत्र दिनांक 11.04.2026 द्वारा कोर्स वर्क सम्बन्धी आख्या प्रस्तुत की गई है जो निम्नवत् है :–

"जिसमें अध्यापक–शिक्षा/शिक्षाशास्त्र के प्री–पीएच0डी0 पाठ्यक्रम का प्रथम पेपर (Advance Research Methodology and Publication Ethics) एवं शारीरिक शिक्षा का प्रथम पेपर (Research Methodology) तो पहले से ही समान पाठ्यवस्तु होने के कारण एक साथ संचालित किये जा रहे है। इसी क्रम में आपके संज्ञान में लाना है कि अध्यापक शिक्षा/शिक्षाशास्त्र के तृतीय

पेपर (Research Tool and Statistics) एवं शारीरिक शिक्षा के द्वितीय पेपर (Research Tool in Physical Education) की भी समान पाठ्यवस्तु होने के कारण इनका कोर्स वर्क भी एक साथ संचालित किया जा सकता है। परन्तु अध्यापक शिक्षा/शिक्षाशास्त्र के द्वितीय पेपर (Recent Issues, Innovative Practices & ICT in Research) एवं शारीरिक शिक्षा के तृतीय पेपर (Areas of Research in Physical Education) की पाठ्यवस्तु पूर्णतया भिन्न होने के कारण इनका कोर्सवर्क एक साथ संचालित नहीं किया जा सकता है।"

संकल्प : **मा0 विद्या परिषद द्वारा प्रो0 पूनम शर्मा, शिक्षा संकायाध्यक्ष पत्र दिनांक 11.04.2026 द्वारा प्रस्तुत आख्या पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई, जिसमें अध्यापक शिक्षा/शिक्षाशास्त्र के द्वितीय पेपर (Recent Issues, Innovative Practices & ICT in Research) एवं शारीरिक शिक्षा के तृतीय पेपर (Areas of Research in Physical Education) की पाठ्यवस्तु पूर्णतया भिन्न होने के कारण शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद तथा अध्यापक शिक्षा/शिक्षाशास्त्र का कोर्सवर्क एक साथ संचालित नहीं होने का उल्लेख है। जिसपर मा0 विद्या परिषद द्वारा अपनी सहमति व्यक्त की गई है।**

02. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–6, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्या– I/1314173/2026/सत्तर–7–2026, दिनांक 30.04.2026 में उल्लिखित व्यवस्था को अंगीकृत किये जाने पर विचार।

नोट– **कुलसचिव द्वारा मा0 विद्या परिषद के समक्ष संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–6, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्या– I/1314173/2026/सत्तर–7–2026, दिनांक 30.04.2026 को पढ़कर सुनाया। जिसमें बी0एड0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण (Internship) हेतु निर्देश निर्गत किये गये है।**

संकल्प : **मा0 विद्या परिषद द्वारा संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–6, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्या– I/1314173/2026/**

**सत्तर–7–2026, दिनांक 30.04.2026 चर्चा करने के उपरान्त शासन पत्र दिनांक 30.04.2026 को अंगीकृत किये जाने पर सहमति प्रदान की गई। संकायाध्यक्ष शिक्षा प्रो0 पूनम शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर में उक्त योजना पूर्व से ही लागू है।**

03. पी0एच–डी0 प्रवेश 2026–27 हेतु तैयार Notification का अनुमोदन पर विचार।

**नोट –** **डॉ0 पूजा कौशिक, शोध सह–समन्वयक द्वारा मा0 विद्या परिषद को पी0एच–डी0 प्रवेश 2026–27 हेतु तैयार Notification से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।**

**संकल्प :** **मा0 विद्या परिषद द्वारा पी0एच–डी0 प्रवेश 2026–27 हेतु तैयार Notification पर विचार–विमर्श उपरान्त यथावत् अनुमोदन प्रदान किया गया।**

04. विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 212/शोध/एम0एस0यू0/2024–25, दिनांक 23.04.2025 द्वारा डॉ0 आरती उपाध्याय के प्रत्यावेदन गठित समिति द्वारा सर्वसम्मति से किये गये निर्णयों पर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**नोट –** **कुलसचिव द्वारा विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 212/शोध/एम0एस0यू0/2024–25, दिनांक 23.04.2025 द्वारा डॉ0 आरती उपाध्याय के प्रत्यावेदन पर गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णय से मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया।**

**संकल्प :** **मा0 विद्या द्वारा विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 212/शोध/एम0एस0यू0/2024–25, दिनांक 23.04.2025 द्वारा डॉ0 आरती उपाध्याय के प्रत्यावेदन पर गठित समिति द्वारा किये गये निर्णय को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

05. दिनांक 25.05.2026 को समस्त संकायाध्यक्ष की वर्चुअल बैठक के कार्यवृत्त में संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–693/सत्तर–1–2026, दिनांक 06 मई, 2026 अवगत कराना जो छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (Student Police Experiential

Learning Programme-SPEL) के प्रतिभागियों को अंकपत्र में 02 क्रेडिट प्वाइंट दिये जाने के सम्बन्ध में यू0जी0सी0 द्वारा प्रख्यापित Curriculum and Credit Framework for Undergraduate Programmes के दिशा–निर्देशों के प्रस्तर–3.2.4 Credit hours for different types of courses के सम्बन्ध में संस्तुति प्रदान की गई। उक्त संस्तुति को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

नोट – **कुलसचिव द्वारा संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–693/सत्तर–1–2026, दिनांक 06 मई, 2026 एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अर्द्ध शासकीय पत्र संख्या–25019/12/2023–PM-II दिनांक 24.04.2023 से मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया। जिसमें छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (Student Police Experiential Learning Programme-SPEL) के प्रतिभागियों को अंकपत्र में 02 क्रेडिट प्वाइंट दिये जाने हेतु यू0जी0सी0 द्वारा प्रख्यापित Curriculum and Credit Framework for Undergraduate Programmes के दिशा–निर्देशों के प्रस्तर–3.2.4 Credit hours for different types of courses के सम्बन्ध में दिनांक 25.05.2026 को समस्त संकायाध्यक्ष की वर्चुअल बैठक के कार्यवृत्त पर संस्तुति प्रदान की गई है।**

संकल्प : **उक्त बिन्दु पर चर्चा के मध्य मा0 सदस्य प्रो0 एन0सी0 गौतम द्वारा प्रश्न किया गया कि क्या छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (Student Police Experiential Learning Programme-SPEL) सैद्धान्तिक है अथवा प्रयोगात्मक**, जिस पर समस्त सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। **छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (Student Police Experiential Learning Programme-SPEL) केवल प्रयोगात्मक प्रकृति का** है। साथ ही मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि **छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम** में प्रतिभाग करने वाले छात्रों द्वारा 30 दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उनके **अंकपत्र में 02 क्रेडिट प्वाइंट अंकित किये जायेगे। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि**

क्योंकि एन0एस0एस0 समन्वयक के पास इस कार्यक्रम का प्रभार है। अतः उन्हीं को SPEL कार्यक्रम हेतु समन्वयक का दायित्व प्रदान किया गया है।

प्रो0 एन0सी0 गौतम द्वारा मांग की गई कि जो छात्र, छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (Student Police Experiential Learning Programme) में प्रतिभाग करेगें उन छात्रों को पुलिस विभाग द्वारा प्रमाण–पत्र दिये जाने के उपरान्त ही उनके अंकपत्र में 02 क्रेडिट प्वाइंट दिये जायेगे जिस पर समस्त सदस्यगण द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गई।

डॉ0 रामकुमार, एन0एस0एस0 समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के तीन जनपदों के 150 (सहारनपुर–50, मुजफ्फरनगर–50 एवं शामली–50) छात्रों द्वारा छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (Student Police Experiential Learning Programme) में प्रतिभाग किया गया है जिनको विभाग द्वारा प्रमाण–पत्र भी निर्गत किये जा चुके है। जिस पर प्रो0 एन0सी0 गौतम द्वारा मांग की गई कि उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु छात्रों की सूची परीक्षा नियंत्रक के माध्यम से विभाग को जानी चाहिए, क्योंकि अंकपत्र में 02 क्रेडिट प्वाइंट परीक्षा नियंत्रक विभाग द्वारा ही छात्र के परीक्षाफल में अंकित किये जायेगे। जिस पर समस्त सदस्यों द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गई।

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

कुलपति

कुलसचिव/सचिव